भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2238

12 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

सेंट्रल विस्टा परियोजना के लिए भूमि उपयोग में परिवर्तन

†2238. श्री बापी हलदरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना के लिए क्षेत्र के भूमि उपयोग में परिवर्तन किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त परियोजना हेतु भूमि को साफ़ करने के लिए काटे गए कुल वृक्षों की संख्या कितनी है; और
(ग) मौजूदा भवनों के ध्वस्तीकरण पर कुल कितनी लागत व्यय की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) जी हां। विवरण इस प्रकार हैं:

डीटीसी केंद्रीय सचिवालय बस टर्मिनल के पास चर्च रोड पर 15 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या **1** के भूमि उपयोग को "परिवहन (बस टर्मिनल/पार्किंग) और सरकार (राष्ट्रपति संपदा और संसद भवन) और मनोरंजन (पड़ोस के खेल क्षेत्र)" से बदलकर "आवासीय" कर दिया गया है।

संसद भवन के सामने 9.5 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 2 के भूमि उपयोग को "मनोरंजन (जिला पार्क)" से बदलकर "सरकार (संसद भवन)" कर दिया गया है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड एंड हाउस राष्ट्रीय अभिलेखागार के दक्षिण में 7.7 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 3 के भूमि उपयोग को "सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक सुविधाओं" से "सरकारी कार्यालय (5.88 एकड़) और मनोरंजन (जिला पार्क) (1.88 एकड़)" में बदल दिया गया है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड के दक्षिण और जनपथ के पूर्व में 24.7 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 4 के भूमि उपयोग को "सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक सुविधाओं (एससी)" से "सरकारी कार्यालय (22.82 एकड़) और मनोरंजन (जिला पार्क) (1.88 एकड़)" में बदल दिया गया है। मान सिंह रोड के पूर्व में और अशोका रोड के दक्षिण में 4.5 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 5 के भूमि उपयोग को "सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक सुविधाओं (एससी)" से बदलकर "सरकारी कार्यालय" कर दिया गया है।

मौलाना आजाद रोड के उत्तर और जनपथ के पूर्व में 24.7 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 6 के भूमि उपयोग को "सार्वजनिक और अर्ध सार्वजनिक सुविधाओं (एससी)" से बदलकर "सरकारी कार्यालय (22.82 एकड़) और मनोरंजन (जिला पार्क) (1.88 एकड़)" कर दिया गया है।

साउथ ब्लॉक के पास डलहौजी रोड के उत्तर में 15 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 7 के भूमि उपयोग को "सरकारी कार्यालय और मनोरंजन (पड़ोस के खेल क्षेत्र) से बदलकर "आवासीय" कर दिया गया है।

तिमारपुर के पास लखनऊ रोड पर 3.9 एकड़ में स्थित प्लॉट संख्या 8 के भूमि उपयोग को "सार्वजनिक और अर्ध सार्वजनिक सुविधाओं" से बदलकर "मनोरंजन (जिला पार्क)" कर दिया गया है।

(ख) 2 वृक्षों को काटा गया और 2994 वृक्षों का प्रत्यारोपण किया गया।

(ग) मौजूदा इमारतों को क्रेडिट आइटम के आधार पर गिराया गया अर्थात उत्पन्न स्क्रैप ठेकेदार की संपत्ति थी। इस तरह के खाते में कुल 7.13 करोड़ रुपये की राशि जमा गई है।

*****